डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | माघ शुक्ल पक्ष 02- 2082 | भोपाल, दिन मंगलवार, दिनांक 20 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

कांग्रेस ने आनंदपुर धाम पर लगाए कब्जा करने के आरोप

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण अहिरवार ने अशोकनगर ईसागढ़ स्थित आनंदपुर धाम ट्रस्ट पर जमीनों पर कब्जा करने के आरोप लगाया है। सरपंची पर पंचनामा प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर कब्जा होने के बावजूद प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे लिए गए हैं। जब सरपंच और तहसीलदार पहुंचे तो शिकायत सही पाई गई। सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पुलिस आरक्षकों की अब दूसरी सूची से होंगी नियुक्तियां

भोपाल। पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित अभ्यर्थियों में से अभी भी एक हजार से अधिक ने ज्वाइन नहीं किया है। इन पदों को भरने के लिए पुलिस मुख्यालय अब दूसरी प्रतीक्षा सूची से चयन करेगा। प्रतीक्षा सूची शीघ्र ही जारी करने की तैयारी है। इसके पहले 327 अभ्यर्थियों की पहली प्रतीक्षा सूची जारी की गई थी, जिसमें चयन की प्रक्रिया चल रही है। बता दें कि वर्ष 2023 में 7,411 पदों पर भर्ती प्रस्तावित गई थी, जिसमें जीडीसी के 13 रिक्त पद होल्ड किए जाने के बाद 6420 अभ्यर्थियों की चयन सूची जारी की गई थी।

एक साथ होगी कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

भोपाल। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान में जिला राज्य जिला और ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्तियां एक साथ की गईं, वैसे ही जिला कार्यकारिणी घोषित होगी। 71 संगठनात्मक जिलों में से 50 जिला इकाइयों ने प्रस्तावित कार्यकारिणी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेज दी है। इनकी घोषणा जनवरी अंत तक एक साथ की जा सकती है। वहीं, पंचायत और वार्ड स्तर पर समितियों के गठन का काम 15 फरवरी तक पूरा करने का लक्ष्य है। कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान का तीसरा चरण चल रहा है। इसमें पंचायत और वार्ड स्तर पर समितियों का गठन होना है। जिला कार्यकारिणी भी बनाई जानी है।

राजू ईरानी को ठगे पुलिस ने किया गिरफ्तार

भोपाल। ईरानी गैंग के सरगना और कुख्यात अपराधी राजू ईरानी को ठाणे पुलिस ने केंद्रीय जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया है। राजू के खिलाफ ठाणे जिले में लूट और संगठित अपराध के गंभीर मामले दर्ज हैं। महाराष्ट्र पुलिस ने उसके खिलाफ मकोका (महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम) के तहत कार्रवाई की है। राजू ने ठाणे और मुंबई में लूट, जबरन वसूली और धोखाधड़ी की वारदातें की हैं।

पुलिस के अनुसार सोमवार को भोपाल केंद्रीय जेल में न्यायिक हिरासत में चल रहे राजू के खिलाफ ठाणे पुलिस ने अदालत से प्रोडक्शन वारंट हासिल किया था। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। ठाणे पुलिस ने उससे पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड की मांग की, जिस पर अदालत ने आगे की सुनवाई के लिए आरोपित को महाराष्ट्र ले जाने की अनुमति दी। बता दें राजू ईरानी के विरुद्ध उस से अधिक राज्यों में आपराधिक केस दर्ज हैं। वह निजामपुरा स्थित अमन कॉलोनी में ईरानी गैंग चलाता है।

मुश्किलें | कोर्टने कहा सरकार की तरफ से अब तक जरूरी कानूनी अनुमति

मप्र की सरकार दो सप्ताह में मंत्री विजय शाह पर ले निर्णय

कोर्ट ने कहा सरकार की तरफ से अब तक जरूरी कानूनी अनुमति नहीं दी गई

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि निचली अदालत में मामला लंबित होने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से अब

भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (सांप्रदायिक नफरत फैलाना) के तहत कार्रवाई जरूरी

कोर्ट ने शाह की सार्वजनिक माफी को घड़ियाली आंसू बताते हुए इसे कानूनी जिम्मेदारी से बचने का तरीका माना था

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रेस ब्रीफिंग करने वाली भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। शीर्ष अदालत ने मध्यप्रदेश सरकार से कहा है कि वह विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी देने पर दो सप्ताह के भीतर विचार करे।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि निचली अदालत में मामला लंबित होने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से अब तक जरूरी कानूनी अनुमति नहीं दी गई है। अदालत ने राज्य सरकार को इस पर उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि इंदौर जिले के एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय शाह ने कर्नल कुरैशी की ओर इशारा करते हुए कहा था कि जिन लोगों ने हमारी बेटियों को विधवा बनाया, हमने उनकी बहन भिजवाकर उनकी दुर्गति की।

शाह ने 1 मिनट 13 सेकंड का बनाया था माफी वीडियो, पर उसे स्वीकार नहीं किया

मंत्री के इस बयान के बाद देशव्यापी आक्रोश फैल गया था। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद मंत्री सुश्री विजय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक मिनट 13 सेकंड का वीडियो जारी कर कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आईपीएस अधिकारियों की विशेष जांच समिति (एसआईटी) बनाने का आदेश दिया था।

माफी वाले तर्क को खारिज कर दिया

मंत्री जानते कर्नल को खलिन कर बिना सुनवाई के दौरान दिया, राज्य की ओर से पेश एडवोकेट ने कहा कोर्ट विवाद शुरू हुए पूरे मामले का पहले ही सख्ती कोर्ट ने इस तर्क को सिरे से राज्य दूरी है, हालांकि सुप्रीम जज कोर्ट ने कहा कि अब खारिज कर दिया। कोर्ट ने माफी का वीडियो देखने से इंकार कर दिया है।

विशेष जांच टीम ने अंतिम रिपोर्ट जमा की

कोर्ट ने कहा कि विशेष जांच टीम ने अपनी जांच पूरी कर ली है और अंतिम रिपोर्ट जमा कर दी है। जब राज्य सरकार की वकील ने हस्तक्षेप किया, तो माननीय न्याय संहिता की धारा 196 (सांप्रदायिक नफरत फैलाना) के तहत कार्रवाई के लिए अनुमति दे। एसआईटी ने शाह के अन्य वक्तव्य आपत्तिजनक बताते हुए भी हवाला दिया है और कोर्ट ने इसके लिए भी रिपोर्ट मांगी है।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था

यह मामला ऑपरेशन सिंदूर के बाद तत्काल सामने आया, जब राज्य ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ विवादित बयान दिए।

अंतर्राष्ट्रीय वन्य-जीव तस्कर मुरुगेशन का प्रत्यर्पण स्वीकृत

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश ने वन एवं वन्य-जीव संरक्षण के लिये लगातार सख्त प्रयास किये जा रहे हैं। इसी दिशा में मध्यप्रदेश वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स ने सफलता प्राप्त की है। इसमें एसटीएफ द्वारा वन्य-जीव तस्कर अन्तर्राष्ट्रीय मनीवन्नन मुरुगेशन को प्रतिबंधित प्रजाति के वन्य-जीव कछुओं की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर मध्यप्रदेश लाया गया था। वन प्रकरण जांच में ज्ञात हुआ कि आरोपी मुरुगेशन पर थाईलैण्ड में भी वन्य-जीव के अवैध व्यापार का प्रकरण दर्ज है। आरोपी को थाईलैण्ड प्रत्यर्पण की पूर्ति न्यायालय परिसर हाउस नई दिल्ली ने की है। थाईलैण्ड सरकार के अनुरोध को स्वीकार करते हुए न्यायालय द्वारा विस्तृत सुनवाई के बाद 6 जनवरी, 2026 को तस्कर अन्तर्राष्ट्रीय मुरुगेशन के थाईलैण्ड (Kyoto) की अनुमति का आदेश पारित किया है।

अन्तर्राष्ट्रीय मुरुगेशन से संबंधित संवेदनशील मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स ने द्वारा सागरादेश में 23-27 जुलाई, 2018 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कछुओं एवं जलीय वन्य-जीव की तस्करी की रोकथाम के लिये बैठक में शपथ किया गया था। दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के कछुओं की तस्करी में मुरुगेशन का नाम दुनिया में तीसरे नम्बर पर था। सिंगापुर के सहयोगी मुरुगेशन एवं अवैध व्यापार सिंगापुर सहित भारत, थाईलैण्ड, वियतनाम, मलाक्का, लाओस, नीन और मेडागास्कर में सैला है। मुरुगेशन को 27 अगस्त, 2012 को करीब 800 दुर्लभ प्रजाति के कछुओं के साथ बैंकॉक एयरपोर्ट पर पकड़ा गया था, तब वह गैर-कानूनी तरीके से छूटने में कामयाब हो गया था। एसटीएफ की रिपोर्ट के आधार पर थाईलैण्ड के प्रकरण पर इंटरपोल द्वारा रेड नोटिस की जारी किया गया था।थाईलैण्ड से मुरुगेशन के प्रत्यर्पण के अनुरोध पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय ने विधि अनुसार कार्यवाही करते हुए एक्ट-1962 के प्रावधान अनुसार प्रदेश के लिये न्यायालय परिसर हाउस नई दिल्ली ने प्रकरण दर्ज कर लिया था तथा वहीं से जारी वारंट को शामिल कार्यवाही वाले हुए मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर फोर्स द्वारा आरोपी मुरुगेशन को अक्टूबर-2021 में पुनः न्यायालय नई दिल्ली के समक्ष पेश किया था। साथ ही विदेश मंत्रालय अधिकारी की समस्त दस्तावेज सौंपकर प्रत्यर्पण की कार्यवाही प्रारम्भ की

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया में मप्र की सहभागिता

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में संगठन पर्व के तहत कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबिन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया हुई। इस अवसर पर देशभर अखिलभारतीय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री, जगदीश देवड़ा उप मुख्यमंत्री, राजेन्द्र शुक्ला उप मुख्यमंत्री, शिवराज सिंह चौहान केन्द्रीय मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया केन्द्रीय मंत्री, वीरेन्द्र कुमार सहकारिता केन्द्रीय मंत्री, कैलाश विजयवर्गीय मंत्री, प्रह्लाद पटेल मंत्री, राकेश सिंह मंत्री, फग्गन सिंह कुलस्ते सांसद, विष्णुदत्त शर्मा सांसद, दुर्गादास उईके केन्द्रीय राज्य मंत्री, जगदीश सिंह पटेरिया पूर्व मंत्री, लाल सिंह आर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष, अजय मोर्चा डॉ. नरोत्तम मिश्रा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व मंत्री, गोपाल भार्गव विधायक एवं पूर्व मंत्री, अभिलाष पांडेय विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव, सांसदी ठाकुर केन्द्रीय राज्य मंत्री, सुनिल बालेमिके राज्यसभा सांसद, अदिया पार्टीवार राज्यसभा सांसद, राहुल लोधी प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश चुनाव सहायक अधिकारी, सह ने सहभागिता की।

भागीरथपुरा के बहाने राहुल गांधी का केंद्र सरकार के स्मार्ट सिटी मॉडल पर निशाना

डीआर संवाददाता॥ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित जल कांड के बाद लोकेश, सिंह सरकार के स्मार्ट सिटी मॉडल को निशाने पर लेने की तैयारी कर ली है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इंदौर की इस घटना पर एक वीडियो जारी किया है। इसके साथ राहुल ने जिला है कि इंदौर की घटना सरकार लापरवाही का प्रतीक है। स्मार्ट सिटी के मुद्दे ने इंदौर को शहर और शहर का शहर बना दिया है। मैं इंदौर की उन परिवारों से मिला, जिनके घरों में जहरीले पानी ने घुसकर दी नहीं, जिनका तक बुझा दिए। इंदौर जवाब मांगता है, देश जवाब मांगता है। 17 जनवरी को इंदौर में भागीरथपुरा के दौरे के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल ने यह वीडियो जारी किया है। इसके साथ राहुल ने जिला है कि इंदौर की घटना सरकार लापरवाही का प्रतीक है। स्मार्ट सिटी के मुद्दे ने इंदौर को शहर और शहर का शहर बना दिया है। मैं इंदौर की उन परिवारों से मिला, जिनके घरों में जहरीले पानी ने घुसकर दी नहीं, जिनका तक बुझा दिए। इंदौर जवाब मांगता है, देश जवाब मांगता है। 17 जनवरी को इंदौर में भागीरथपुरा

राहुल गांधी ने जारी किया इंदौर दौरे का 8.11 मिनट का वीडियो

लिखा स्मार्ट सिटी का मॉडल फेल, इंदौर का पानी बना जहर

राहुल गांधी के वीडियो के साथ फिर वह सवाल उठाया है। जब इंदौर में 15 मौतें हो चुकी थीं, तब प्रशासन केवल चार मौतें ही मान रहा था। बाद में दबाव के चलते मौत आंकड़ा बढ़ाया गया। इसमें कुल 21 मौतें की रिपोर्ट पर लिखा गया। इनमें से भी रिपोर्ट 15 लोगों की मौत का कारण डायरिया माना गया। 20 जनवरी को हाई कोर्ट में फिर सुनवाई होना है। याचिकाकर्ता ने राहुल गांधी से कहा कि भागीरथपुरा श्मशान बन गया।

कहा- कार्रवाई तो पुस्तक लिखने वाले पर होनी चाहिए, ये भाजपा की सोच

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

महिलाओं के प्रति अपमान टिप्पणी करने वाले दतिया जिले के भाजपा विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेश सिंह बरैया का बचाव पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने किया है।

उन्होंने कहा कि बयान बरैया का नहीं है। उन्होंने विहार के एक विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष रहे डॉ. मोहन झा की

पुस्तक का उल्लेख किया था। कार्रवाई पुस्तक लिखने वाले पर होनी चाहिए। सिंह ने कहा कि बरैया के बयान को जानबूझकर तोड़ मरोड़कर पेश किया गया और इसके पीछे भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक साजिश है। दिग्विजय ने स्पष्ट किया कि बरैया ने जो बात कही, वह उनकी निजी विचार नहीं थे। उन्होंने कहा कि अगर किसी को इस पुस्तक को सामग्री पर आपत्ति है, तो सिर कार्रवाई लिखे विधायक पर क्यों की जा रही है। इस पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने पलटा पर सोशल मीडिया के विधिजय सिंह द्वारा पूर्व सिंह बरैया का बचाव करना कांग्रेस के नैतिक दिवालियापन की खुली स्वीकारोक्ति

वैश्विक निवेशकों से मुलाकात, म.प्र. की निवेश संभावनाओं पर हुआ

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 के दौरान मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवाचारीय कारों नीति की रणनीति हुआ ने वैश्विक और राष्ट्रीय निवेशकों से मुलाकात कर राज्य की निवेश संभावनाओं पर विस्तृत संवाद किया।

इन बैठकों में नवाचारीय उर्जा, विनिर्माण, फार्मास्यूटिकल, मीडिया, आईटी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित हुई। प्रमुख बैंक (अंतर्ग) के साथ सौर उर्जा, ग्रीन ऊर्जा, विनिर्माण और सहयोगात्मक परियोजनाओं पर मंथन हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज से खाद्य क्षेत्र में बायो-एनर्जी परियोजनाओं पर चर्चा की गई। जिसे स्तर के साथ मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार हेतु वीडियो-ऑडियो

डोक्यूमेंटेशन पर सहमति बनी।

धुमसर्ग मीडिया के साथ प्रदेश को वैश्विक पर्यटन जगत से जोड़ने और मरारा में होने वाले धुमसर्ग न्यू इकोनॉमी कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश की भागीदारी पर विचार हुआ। आईआरईडीए के साथ सौर, पवन और बायो-एनर्जी परियोजनाओं के विस्तार और क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। ग्रीन मोबिलिटी के साथ रिवेस-2 शहरों में आईटी-सीसीओ सेवाओं और युवाओं के लिए रोजगार सृजन पर बात हुई। एसआर ग्रुप से अक्षय ऊर्जा, डेटा सेंटर और ईवी इक परियोजनाओं पर सहयोग की संभावनाएं तलाशी गई।

मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि अनुकूल नीतियां, संसाधनों की उपलब्धता और स्थिर प्रशासन के कारण मध्यप्रदेश तेजी से उभरता निवेश गंतव्य बन रहा है।

शिक्षक भर्ती: पदवृद्धि के लिए अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन, हवन कर निकाली रैली

ई-अटेंडेंस में आ रही समस्याएं शिक्षक संगठन बोले, अधिकारियों कर्मचारियों पर भी हो लागू

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

लोक शिक्षण संचालनालय के सामने धरने पर बैठे न्यूनतम वेतन और नियमितीकरण के लिए कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन प्रदेश में शिक्षक भर्ती के एक दृश्य को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सोमवार को संविदा शिक्षक वर्ग-1 में बॉटल डिस्ट्रेट में शामिल सैकड़ों अभ्यर्थियों ने राजधानी में प्रदर्शन किया।

सुबह 11 बजे सभी अभ्यर्थी रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर इकट्ठा हुए और हवन से अभियान की शुरुआत की। इसके बाद रैली निकालते हुए डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के बंगले पर पहुंचे अभ्यर्थियों का कहना है कि

सरकार जो 9420 हजार पदों पर भर्ती करना है लेकिन नहीं सिर्फ 2861 पद पर ही हुई है। इस पदों से भी वेटिंग लिस्ट में आ जा है।

सरकार पद बढ़ा देगी तो वेटिंग क्लीयर हो जाएगी। बावजूद सरकार और विभाग पदों को नहीं बढ़ा रहा है। इस पदों से हजारों शिक्षकों का भविष्य अंधेरे में है। सभी अभी प्रोबेशन स्कूलों में पढ़ाने बने पढ़ा रहे हैं। अभ्यर्थियों ने कहा कि यदि इस दौर के बाद भी भी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो आंदोलन को और व्यापक और तेज किया जाएगा।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में दूर की रोई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही शिक्षकों द्वारा तकनीकी समस्याओं के शिकायत के साथ ही एक व्यवस्था विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों पर भी एप लगाकर्मचारियों पर भी एप लगाकर्मचारियों पर भी एप लगाक

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | माघ शुक्ल पक्षा 02- 2082 | सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 20 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

सीहोर। नेशनल हाइवे-46 पर सोमवार शाम एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसा बगदाना नर्मदा नदी पुल के पास हुआ। युवक पैदल नर्मदापुरम की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आए वाहन ने टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर बुदनी सिविल अस्पताल लाया गया। शव मर्चुरी रूम में रखा गया है। मृतक की पहचान टीकाराम कलार पिता हीरालाल कलार, उम्र 30 वर्ष निवासी मालवीयगंज रायपुर जिला नर्मदापुरम के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वाहन की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ भी की जा रही है।

27 शासकीय सेवकों का सम्मान, पीपीओ सौंपे

सीहोर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह और पीपीओ वितरण कार्यक्रम हुआ। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने 27 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। अपर कलेक्टर सिंह ने कहा, शासकीय सेवकों ने वर्षों तक प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती दिया। सेवा के दौरान सीखे अनुशासन, समर्पणभावना और कार्यनिष्ठा से समाज को दिशा मिलती है। सेवानिवृत्त अधिकारी अपने अनुभवों से परिवार और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शासन सेवाकाल के लिए बधाई दी। साथ ही आगे भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहने की कामना की। कार्यक्रम में जिला कोषालय अधिकारी नेहा सिंघई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

कलचुरी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 10 को

सीहोर। हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज इस साल भी 13वां निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करेगा। यह सम्मेलन 10 फरवरी को होगा। तैयारियों की शुरुआत भगवान गणेश को पहला आमंत्रण देकर की गई। इस मौके पर श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चना हुई। मंदिर के मुख्य पुजारी और व्यवस्थापक डॉ. पाल शर्मा व्यास ने कहा कि कलचुरी समाज हमेशा समाज सेवा में आगे रहा है। निशुल्क विवाह सम्मेलन इसी सेवा भावना का हिस्सा है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया, महामंत्री बेनी प्रसाद राय, सचिव नितेश राय, कोषाध्यक्ष परमानंद राय, रमेश राय राजजी, सुरेश राय लाइनमैन, मोहन राय बाबा, हरीश राय, मोर सिंह जायसवाल, नंदकिशोर राय सहित कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

एक महीने में 1215 जल नमूनों का परीक्षण

सीहोर। कलेक्टर महावीर कुमार के निर्देश पर जिले में शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग लगातार काम कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप और नलजल योजनाओं के सोतों से रोज क्लोरीनेशन किया जा रहा है। विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रदीप सक्सेना ने बताया कि जिले में 4 उपखंडीय प्रयोगशालाएं बनाई गई हैं।

टीएल बैठक | सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में लापरवाही पर कलेक्टर ने दिखाई सख्ती

रेलवे नेशनल हाईवे भू अर्जन में हो रहे विलंब पर लगाई फटकार

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर। जिला की बैठक में कलेक्टर महावीर कुमार

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में दौरान कलेक्टर महावीर कुमार ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर व संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान नहीं किया जाएगा, उन पर जुर्माना लगाया जाएगा।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लें, अधीनस्थों से समन्वय बनाए रखें तथा फीडबैक के साथ प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को वास्तविक और समयबद्ध राहत मिल सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नरसिंह यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, डिप्टी कलेक्टर जगदीश खान, एसडीएम तनय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौड़ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने नेशनल हाईवे परियोजना के लिए भू-अर्जन की कार्रवाई में हो रहे विलंब पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेताया

रेलवे नेशनल हाईवे भू अर्जन में हो रहे विलंब पर लगाई फटकार

जिला पंचायत सीहोर सभाकक्ष में बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भू-अर्जन में देरी के कारण परियोजनाओं की शुरुआत प्रभावित हो रही है, जिससे आम जनता को सुविधाएं मिलने में अनावश्यक विलंब हो रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस कार्य में आपसी समन्वय के साथ आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने रेलवे व नेशनल हाईवे परियोजनाओं से किए आवश्यक भू-अर्जन की कार्रवाई जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश भी दिए, ताकि विकास कार्यों में देरी कम हो सके और जनता को जल्द लाभ मिल सके। कलेक्टर महावीर कुमार ने जिलेभर में जल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जल सुरक्षाई आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति, जलस्तर, हैंडपंप, फ्लो-वाल योजना सहित अन्य जल संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने समस्त विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम सुनवाई का आयोजन करने, आमजन की समस्याएं मौके पर सुनने और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके।

लोगों की समस्या का समाधान अभियान चलाकर हो कलेक्टर

महावीर कुमार ने जिले में संचालित संकल्प से समाधान अभियान संचालन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों व समस्याओं के निराकरण में तेजी लाने, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आमजन को समय पर राहत उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान 31 मार्च तक ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, तहसील व जिला स्तर पर संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत भारत सरकार व राज्य शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं सहित अन्य सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जा रहा है।

श्मशान में राखा से सन मिली कैंची ,नसबंदी के समय हुई थी महिला की मौत

डीआर संवाददाता>>नैनोदा

सिंहपुर की महिला की 06 जनवरी को नसबंदी ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। 3 मासूमों के सिर से मां का साया उठ गया। परिजनों ने महिला का अंतिम संस्कार किया। लेकिन जब वह श्मशान में अस्थियां लेने पहुंचे तो राख के साथ जली हुई सर्जिकल कैंची भी मिली। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने ऑपरेशन के दौरान लापरवाही की और महिला के पेट में ही कैंची छोड़ दी। इसी कारण महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिलाल महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। लेकिन श्मशान में मिला यह लोहा किसी बड़े गंभीर की गवाही दे रहा है। यह कैंची सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बीएमओ डॉ. मनीष सारस्वत ने बताया कि अस्पताल में कैंची मिलना बेहद गंभीर है, लेकिन नसबंदी में आमतौर पर कैंची का उपयोग नहीं होता। हम पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसके बाद ही मौत की असल वजह साफ होगी।

प्रश्न, लापरवाही तो मौत का कारण

अगर यह कैंची रात से मिली है तो यह बड़ी चूक है। जो कई सवाल खड़े कर रही है। ऑपरेशन के बाद औजारों की गिनती क्यों नहीं की गई। कोटी में मौजूद पूरी टीम की जिम्मेदारी तय क्यों नहीं हुई। शव से सच्चाई निकले तो बावजूद एफआईआर दर्ज होगी। मामला किस पर दर्ज होगा।

173 स्वीकृत मामलों में पहली किश्त भी नहीं, 8-10 महीने से फाइलें अटकी

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर जिले में दलित और आदिवासी समुदायों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में पीड़ितों को राहत राशि के लिए महीनों से भटकना पड़ रहा है। जिले में अनुसूचित जाति(दलित) और अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) अधिनियम के तहत स्वीकृत 173 प्रकरणों में पीड़ितों को अभी तक पहली किश्त भी नहीं मिल पाई है।

जानकारी के अनुसार इन लंबित प्रकरणों में से कई 5 से 10 महीने पुराने हैं, जबकि सुप्रीम तो एक साल से भी अधिक समय से लंबित हैं। नियमानुसार राहत राशि तीन किश्तों में दी जाती है। पहली किश्त घटना पेश होने के बाद और तीसरी किश्त अदालत के फैसले के बाद। हालांकि, सीहोर में कई पीड़ितों को पहली किश्त भी नहीं मिली है। अत्याचार के शिकार कई दलित और आदिवासी अभियोग रूप से कमजोर हैं। राहत राशि के अभाव में उनके गंभीर परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। एसीएम कोर्ट से आने वाले पीड़ित और महिला पीड़ित भी जानकारी के लिए विभाग के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

इस संबंध में डॉक्टर अनिल विभाग के सहायक एसी कुशवाह ने बताया कि स्वीकृत प्रकरणों के लिए राहत राशि की मांग का पत्र अधिशासी विभाग कार्यालय भेजा गया है। विभाग ने ऊपर की कार्रवाई पूरी की है। राहत राशि की मांग की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने दी 15 लाख से अधिक की सौगात

डीआर संवाददाता>>नसरुल्लागंज

शहर को स्मार्ट सिटी के तर्ज पर विकसित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नसरुल्लागंज नगर परिषद ने तेजी से विकास किया है। इसके नगराध्यक्ष श्री राठौर ने इलाका वार्ड में आने वाली जल मंदिर की समस्या के लिए करीब 3 लाख 20 हजार से नाली निर्माण कार्य किया है। वहीं साढ़े 15 लाख की लागत से डामरीकरण और सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है लगभग साढ़े चार की राशि से सीसी सड़क एवं तीन लाख 20 हजार की राशि से नाली निर्माण का कार्य पूर्ण किया जाएगा। इस मौके पर नगराध्यक्ष श्री राठौर ने वार्डवासियों से मांगी गई कमी को पूरा करने और वार्ड के साफ-सफाई को लेकर सुझाव लिए। भूमि-पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर उपाध्यक्ष विपिन सालवा, विजेन्द्र परमार, अजय पाल सिंह राजपूत, कमलेश बुरहानपुर, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र उर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने वार्ड क्षेत्रीय वास में तीन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया था। पार्षद श्री नाहरी ने बताया कि वार्ड के आसपास जो जल्दी की शिकायत किया पाएगा। इसके अलावा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में चार दिवसीय कार्यशाला शुरू, छात्र सीख रहे हैं बांस की कलाकृतियां

डीआर संवाददाता>>श्यामपुर

श्योपाल रोड स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, श्यामपुर में 19 जनवरी से 23 जनवरी तक "बैम्बूलेस एक्टिविटीज" के अंतर्गत चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय प्राचार्य डॉ. नरेश, बघेल एवं उपप्राचार्य रीता खरे द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला में प्रमुख कलाकार रमेश रोहन द्वारा लगभग 40 छात्र-छात्राओं को समूह बनाकर बांस बांस से विभिन्न कलाकृतियां बनाना सिखाया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान छात्र बांस को छोटे-छोटे टुकड़ों में तैयार कर, उन्हें जोड़कर आकर्षक आकृतियां बना रहे हैं। इनमें पलायन पोट, पक्षी आकृति, मोबाइल स्टैंड, वॉल हैंगिंग जैसी सुंदर कलाकृतियां शामिल हैं।

विद्यालय प्राचार्य डॉ. नरेश बघेल ने बताया कि कला और कौशल के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना इस कार्यशाला का प्रमुख लक्ष्य है। रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों की बुद्धि, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास का विकास होता है।

इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं अतिथि के रूप में जितेन्द्र ठाकुर, वसीम हुसैन, निर्मल कुमार, सुधीर यादव, श्याम सुंदर भट्ट और जीतेंद्र पाल सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

फॉर्म-7 में गड़बड़ी रोकने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिला कांग्रेस कमेटी राजीव गुप्ताजी के नेतृत्व में जोगवर को कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। राजीव गुप्ताजी ने कहा कि फॉर्म 7 की प्रति और बूथवार जानकारी दी जाए। केवल यही फॉर्म मान्य हो, जो निर्वाचन आयोग द्वारा छपवाए गए हैं। बाहर से छपे फॉर्म 7 को निरस्त किया जाए। उन्होंने मांग की कि एक दिन में अधिकतम 10 फॉर्म ही स्वीकार किए जाएं। इससे गलत नाम जोड़ने की आशंका कम होगी। फॉर्म 7 की अंतिम तीन दिन की जानकारी भी दी जाए, ताकि यह पता चल सके कि किस बूथ पर कितने फॉर्म जमा हो रहे हैं। गुप्ताजी ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल के लोग बाहरवाले बीएलओ पर नाम कटवाने का दबाव बना रहे हैं। यह नियमों के खिलाफ है। इसी गुप्त रोशन जाए। यदि कोई बीएलओ अनैतिक कार्य करता है तो उस पर तुरंत कार्रवाई हो। इस मौके पर विनोद राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, केके रिजारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह लोनर, प्रतिभेन सिलावटिया, अनुपम सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

महायज्ञ | भव्य सहस्त्र चंडी महायज्ञ में पूर्ण विधि-विधान से किया गया अग्नि स्थापन

जगदंबा की आराधना से सर्वार्थ सिद्धि भगवती की लीलाएं अनंत-यज्ञाचार्य पंडित

डीआर संवाददाता>>सीहोर

शहर के गंज के समीपस्थ प्रसिद्ध कर्टली वाली माता मंदिर में सोमवार को सुबह यहां पर 108 विद्वानों के द्वारा पूर्ण विधि-विधान से अग्नि स्थापन किया हवन-पूजन का क्रम आरंभ हो गया है। माघ नवरात्रि के पावन अवसर पर संयुक्त मा कालका उत्सव समिति के तत्वावधान में दस दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें करीब 45 से अधिक जोड़ी ने दिव्य अनुष्ठान की क्रियाएं की। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष विवेक राठौर, मुख्य यजमान सुखकार तरुण राठौर सहित अन्य ने महायज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा के मार्गदर्शन में यज्ञशाला में प्रवेश किया। वहीं पंचांग पूजन, वित्त पूजन सहित अन्य क्रियाएं के अलावा नित्य हवन पूजन का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि दुर्गा सप्तशती का पाठ 34 विद्वानों के द्वारा किया जा रहा है। यज्ञ पर नियमित रूप से शाम को भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगरवासियों को भोजनप्रसादी के लिए आमंत्रित की है। वहीं यज्ञ की पूर्णाहुति पर विशेष हवनयज्ञ किया गया। यज्ञाचार्य पंडित जी उन्हों ने बताया कि सहस्त्र चंडी महायज्ञ से साधुओं पर विजय, धन, संपत्ति, सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य, मानसिक शांति, और आध्यात्मिक उन्नति के साथ-साथ दुष्ट शक्तियों से सुरक्षा मिलती है। जगदंबा की आराधना से सर्वार्थ सिद्धि भगवती की लीलाएं अनंत है। उन लीलाओं का श्रवण, नाम स्मरण तथा श्रद्धाभक्ति से पूजन से संपूर्ण मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि महाशक्ति ही परमब्रह्म के रूप में प्रतिष्ठित है, जो विभिन्न रूपों में अनेक लीलाएं करती रहती है। वे ही महाशक्ति ही दुर्गाओं व दस महा विद्याओं के रूप में प्रतिष्ठित है। महायज्ञ में घी, अनाज, जड़ी-बूटियों और विशेष सामग्री को मंत्रों के साथ अग्नि में अर्पित किया जाता है।

ड्यूटी पर जाते समय चायनीज मांझे से युवक का कट गला

डीआर संवाददाता>>बुधनी

बुधनी ड्यूटी पर जा रहे युवक का गला चायनीज मांझे से कट गया। हादसा बुधनी के नाना इलाके में नवान गार्डन के पास हुआ।

घायल की पहचान 43 वर्षीय सुखदेव पर्मा पिता हीरालाल के रूप में हुई है। वह बाइक से एक अन्य व्यक्ति के साथ ड्यूटी पर जा रहे थे। रास्ते में सड़क पर फैले मांझे की वजह से वाहन आ गए। मांझा बाइक में लगते ही तेज खून बहने लगा।

समय पर मिला इलाज

सुखदेव ने बताया कि हेलमेट पहना था। लेकिन रास्ते में गले लगी बड़ी तार कट गई। मांझा सीधे गले में लग गया। घटना के तुरंत बाद उन्हें निजी नर्सिंग अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंचने से जान बच गई। फिलहाल पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | माघ शुक्ल पक्ष 02- 2082 | सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 20 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

कलश यात्रा से शुरू हुआ हिन्दू सम्मेलन

बिलकिसगंज। ग्राम झगरिया में सोमवार को शाखा हिंदू समाज का माह सम्मेलन हुआ। ढोल की गुंज पर यात्रा पंचायत भवन तक पहुंची। वहां गरबा और डांडिया परिवेशन की प्रस्तुति दी गई। कथा वाचक सतीश शास्त्री और मुकेश शर्मा ने प्रवचन दिए। आरएसएस के जिला प्रचारक शाश्वत सक्सेना, जिला शारीरिक प्रमुख विनोद सेन, सी सेवा प्रमुख लखन परमार, खंड कार्यवाह पूरन मेवाड़ा और मंडल पालक मनोज गेवाड़ा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया गया। जात-पात छोड़ने और हिंदू एकता के नारे लगे।

श्री खाटू श्याम मंदिर में 25 को वार्षिकोत्सव

मैराडा। गोकुल धाम कॉलोनी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में 25 जनवरी को द्वितीय वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। श्री श्याम परिवार के तत्वावधान में भव्य श्री श्याम अखंड संकीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। उत्सव की शुरुआत दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे महाप्रसाद से होगी। यह दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसके बाद शाम 6 बजे से श्री श्याम अखण्ड संकीर्तन होगा। इसमें गुंजित म्यूजिकल ग्रुप भजनों की अमृत वर्षा करेगा। संकीर्तन प्रातः 9 बजे तक चलेगा। इंदौर रोड स्थित कार्यक्रम स्थल को फूलों और मिट्टी रास्ता से सजाया जा रहा है। द्वितीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर श्याम भक्तों में उत्साह है। श्री श्याम परिवार ने श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

गुराड़िया वर्मा में आरोग्य केंद्र का भवन एक माह बाद तैयार होगा

जावर। गांव गुराड़िया वर्मा में बन रहा आरोग्य केंद्र का नया भवन अब एक माह बाद तैयार होगा। तब तक उप स्वास्थ्य केंद्र बहुउद्देशीय भवन में ही संचालित किया जाएगा। गांव में कई वर्षों से उप स्वास्थ्य केंद्र का स्थायी भवन नहीं है। पहले किराए के भवन में केंद्र चलाया गया। बाद में पंचायत भवन के पास बने बहुउद्देशीय भवन में इसे स्थानांतरित किया गया। ग्रामीणों में भी वहीं से सेवाएं दी जा रही हैं। शासन ने भवन निर्माण के लिए 60 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। यह भवन हाई स्कूल के पास हासिया छेड़ी रोड पर बन रहा है। ग्राम सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र पाटीदार ने बताया कि नया भवन बनने तक बहुउद्देशीय भवन में ही केंद्र संचालित करेंगे।

लाखों रुपए खर्च कर रहे , लेकिन यात्री प्रतीक्षालय के पास फैल रही गंदगी

जावर। गांव में जन भागीदारी से बने यात्री प्रतीक्षालय अब बदहाल हो चुके हैं। देखरेख नहीं होने से इनमें गंदगी फैल गई है। अव्यवस्था प्रवेशद्वार तक आई है। लोग इनमें बैठ नहीं पाते। कुछ वर्ष पहले हर गांव के जोड़ पर लाखों रुपए की लागत से प्रतीक्षालय बनाए गए थे। मकसद था कि गांव से शहर जाने वाले लोग यात्री वाहन आने तक इनमें बैठ सकें। अब हालात यह है कि प्रतीक्षालय बैठने लायक नहीं बचे हैं। शौचालय भी खराब हो चुके हैं। जावर जोड़ पर तो प्रतीक्षालय बना ही नहीं। यहां यात्रियों को बस आने तक खड़े रहना पड़ता है। यदि सफाई हो और झाड़ियां हटाई जाएं तो लोग इनका उपयोग कर सकते हैं।

कलआयोजित दोराहा के श्री पालवाले हनुमान्‌ जी का प्रकटमहोत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालू शामिल हुए, पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

डीआर संवाददाता>>दोराहा

इस वर्ष की तरह इस वर्ष भी दोराहा कस्बे में पाल वाले हनुमान जी का वार्षिक जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार को इस अवसर पर भव्य-भगत विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसके साथ ही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।

कलश यात्रा शिवमंदिर स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई पाल वाले हनुमान मंदिर परिसर स्थित कथा स्थल तक पहुंची। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजन कीर्तन और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

कलश यात्रा के साथ नौ दिनों तक चलने वाली श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा की शुरुआत हुई। कथा पंडाल में प्रवचन कथा वाचक बालमित, राष्ट्रीय गौरव सम्मान प्राप्त श्री वासुदेव कृष्ण जी महाराज द्वारा की जा रही है। कथा के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा का रसपान किया।

सम्पन्न दोराहा वासियों के सहयोग से आयोजित यह हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा से प्रारंभ हुआ है। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार कथा का समापन 27 जनवरी मंगलवार को महा शतचंडी, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।

हनुमान जन्मोत्सव के इस भव्य आयोजन से पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है। कलश यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए

दोराहा। श्री पालवाले हनुमान जी का जन्मोत्सव को लेकर कलश यात्रा निकाली गई

दोराहा। श्री पालवाले हनुमान जी का जन्मोत्सव को लेकर कलश यात्रा निकाली गई

करनाल में हिन्दू सम्मेलन के लिए झंडा पूजन

जसमत, डोडी, कोटरी गांवों में समरसता

डीआर संवाददाता>>आष्टा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आष्टा ब्लॉक में हिंदू सम्मेलन और समरसता भोज आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को बापया और बुधवार को कोटरी व डोडी गांवों में कार्यक्रम हुए। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में ग्रामीण, हिंदू समाज के लोग, स्वयंसेवक और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुए।

कार्यक्रमों से पूर्व समाज जागरण के उद्देश्य से हनुमान विनायक कलश मंडल मंदिर से एक कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। इस दौरान पारंपरिक जयघोषों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। संगठन के नगर शिक्षण कार्यवाह भगवानसिंह ने हिंदू समाज से जागृत और संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि समाज संगठित नहीं होता है, तो इतिहास स्वयं को दोहराता है। उन्होंने जाति-पाति, ऊंच-नीच और भेदभाव को त्याग कर एकजुट रहने पर जोर दिया और चेताया कि समाज की उदासीनता गुलामी और आक्रमण का मार्ग प्रशस्त करती है।

बच्चों ने दी प्रस्तुति

संत गरीब आश्रमोदासी ने समाज को एकजुट रहने और अपनी आने वाली पीढ़ी को सनातन की शिक्षा देने का आवाह्न किया। ग्राम पंचायत जसमत में आयोजित कार्यक्रम में कई बाल कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुतियां दीं। इसमें राम आनंद सागर द्वारा निर्मित हिंदी सीरियल रामायण के स्केच प्रसंगों का नाट्य रूपांतरण विशेष रूप से सराहा गया। इस हिंदू सम्मेलन में सात गांवों के लोगों ने भाग लिया।

सीहोर जनपद के ग्रामों में पहुंचा कृषि रथ, किसानों को

डीआर संवाददाता>>सीहोर

कलेक्टर श्री बालगुरु के. के निर्देशानुसार कृषि वर्ष 2026 के तहत किसानों को कृषि से जुड़ी नवीन तकनीक, योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रदेश के शाश्व ही सीहोर जिले में भी कृषि रथ संचालित किया जा रहा है। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, पूसा स्वस्थ्य कार्ड योजना, उन्नत बीज एवं मोटा-मोटा प्रदर्शन, फसल विविधीकरण, कृषि आधारित उद्यमिता, ई-तकनीक से जुड़ी योजनाएं तथा प्रसारी प्रकाशन जैसी जानकारियों से जा रही है। कार्यक्रम में कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा किसानों को सुक्ष्म सिंचाई योजनाओं तथा सिंकलर एवं पाइप लाइन के लाभ और उनकी अंगीकरण आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पूर्व में बंजर और पथरीले खेतों एवं कुटी मशीन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में कमलसिंह ठाकुर, मनन सिंह लखन, अभिषेक गुप्ता, लाडसिंह सहित किसान उपस्थित थे।

भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और त्याग सिखाती है श्रीमद् भागवत कथा-पंडित चेतन

डीआर संवाददाता>>सीहोर

भक्ति और ज्ञान जीवन में पहले सुलभ होते हैं, वहीं भक्ति प्रेम, समर्पण और सेवा से जुड़ा भी शुद्ध करती है, वहीं ज्ञान अहंकार, मोह और माया को मिटाकर अंतर्दृष्टि प्रदान करता है वहीं वैराग्य सिखाता है श्रीराम जीवन को संतुलित, सार्थक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाते हैं, जिससे व्यक्ति आत्मिक शांति और सच्ची स्वतंत्रता प्राप्त करता है, इसके अलावा वैराग्य और त्याग से पहले दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई और उसके पश्चात कथा का शुभारंभ किया गया।

सोमवार को कथा के पहले दिन पंडित श्री उपाध्याय ने कहाकि भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और त्याग सिखाते हैं श्रीराम, भागवत कथा, भागवत शब्द के विश्लेष में जाया जाता है। भ-भक्ति, ग-ज्ञान, व-वैराग्य और त-त्याग मानी जो कथा में भक्ति, ज्ञान, वैराग्य सीखकर त्याग, सत्यता के मार्ग से मोक्ष तक ले जाए वो होती है भागवत कथा। सुबह कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ किया गया और उसके पश्चात दोपहर में कथा का आयोजन किया गया। पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अमर की प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अमर बना देती है। श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का आधार स्वरूप है।

कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

डीआर संवाददाता>>सीहोर

राज्यपाल मंगुभाई पटेल 20 जनवरी 2026 को दोपहर 01:50 बजे पैरूवा तहसील के ग्राम भोगरावेड़ा पहुंचेंगे और वहां आयोजित जनजातीय विकास सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके पश्चात राज्यपाल श्री पटेल दोपहर 03:20 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

कलेक्टर-एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

कलेक्टर श्री बालगुरु के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने पैरूवा तहसील के ग्राम भोगरावेड़ा में 20 जनवरी को आयोजित होने वाले राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पहले ही पूर्ण कर ली जाएं तथा सभी विभाग एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आगन्तुक, निर्माण, पेयजल, पैरामेडिकल, पार्किंग, पायर ब्रिगेड, वाहनयात, बैठक व्यवस्था एवं साज सज्जा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी दीपक कुमार दुबे ने सभी पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रम में सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुधीर कुलवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

निशान चढ़ाने के साथ हुआ शुभारंभ, 6 फरवरी तक चलेगा महापर्व

डीआर संवाददाता>>सलकनपुर

सलकनपुर में हर साल लगने वाले गाय मेले की शुरुआत सोमवार को पारंपरिक रीति-रिवाज और स्थानीय रीति-रिवाजों के साथ हुई। नावडा बाबा पर निशान चढ़ाकर मेले का शुभारंभ किया गया। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बन गया। इस साल मेला 19 जनवरी से शुरू होकर 6 फरवरी तक चलेगा।

मेला हर साल एक महीने तक चलता है। इसका संचालन

महाशिवरात्रि के आसपास होता है। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने मेले की तेजार व्यापक तैयारियां की हैं। श्रद्धालुओं और व्यापारियों के लिए बिजली व्यवस्था, मनोरंजन के साधन, सफाई-सफाई और चिकित्सा सुविधा के इंतजाम किए गए हैं।

यह मेला पशु मेले के रूप में भी प्रसिद्ध है। दूर-दराज से बड़ी संख्या में लोग पशुओं की खरीद-फरोख्त के लिए पहुंचते हैं। माता वैष्णवन के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु मेले की रौनक बढ़ा देते हैं। आस्था, परंपरा और लोकसंस्कृति का यह संगम क्षेत्र की पहचान बन चुका है। शुभारंभ अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र चौरसे, रामगोपाल ट्रेलर, राम नारायण साहू, पूर्व ट्रस्ट सदस्य मनोहर महेश्वरी, मुन्ना रघुवंशी, मंगल सिंह ठाकुर और विष्णु ठाकुर सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

समापन छोटे व्यापारियों को परेशानियों से मिलेगी निजात, कर सकेंगे अपना व्यापार

50 से अधिक गुमटियों का निर्माण कर व्यवस्थित गुमटी मार्केट नगरपालिका द्वारा बनाया गया।

डीआर संवाददाता>>आष्टा

सिविल अस्पताल के पीछे स्थित गुमटी मार्केट से आए दिन यातायात बाधित प्रभावित होता था, वहीं अतिक्रमण मुहिम के दौरान गरीब छोटे व्यापारियों की गुमटियों को हटा दिया जाता था, जिसके कारण उन्हें आर्थिक क्षति होती थी। इन सभी समस्याओं का निराकरण करने के लिए नगरपालिका निर्णय लेते हुए सभी गुमटीधारियों की गुमटियों को हटाकर समान रूप से एक साइज की गुमटी स्थापित कराई गई है। अब मार्ग भी यातायात से प्रभावित नहीं होता है, वहीं छोटे गरीब व्यापारियों को अतिक्रमण से भी छुटकारा मिला। लगभग 50 से अधिक गुमटियों का निर्माण कर व्यवस्थित गुमटी मार्केट नगरपालिका द्वारा बनाया गया है। इस अवसर के विचार नगराध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सड़क पर्री व्यापारी संघ द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान एवं आभार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों नगराध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, व्यापार महासंघ आष्टा कोषाध्यक्ष शारीर, उपाध्यक्ष आदर्शकेशर संघ कजाड़, साहू, सोनी, अनिल पनवर द्वारा गुमटी मार्केट का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगराध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आज दिन इस मार्ग पर यातायात की समस्याएं आती थी, क्योंकि यह मार्ग बसस्टैंड जाने का प्रमुख मार्ग है साथ ही सिविल अस्पताल होने के कारण अधिकतर नागरिकगण इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ऐसी स्थिति में यातायात की समस्या और विकट हो जाती थी। इन सभी के चलते नगराध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा द्वारा यह निर्णय लिया गया कि यातायात भी सुगम हो और छोटे व्यापारियों की दुकान व रोजगार भी बचाया रहे। पर्री का परिणाम है कि आज यह मार्केट गुमटी मार्केट के नाम से नगर में पहचाना जाने लगा है। एक तरफ व एक साइज की गुमटियां स्थापित होने से जहां इस मार्ग की सुंदरता बढ़ी है, वहीं यातायात जैसी गंभीर समस्या का भी स्थायी समाधान हुआ है। नगराध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने यह भी कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपाशासित सरकार द्वारा गरीब, बेसहारा व छोटे व्यापारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आज भारत की सरकार जहां बच्चे के जन्म होने पर उन्हें सहायता राशि उपलब्ध कराती है, वहीं मृत्यु उपरांत भी परिवार की मदद करती है।

जल स्त्रोतों में किया जा रहा है क्लोरीनेशन का कार्य

डीआर संवाददाता>>सीहोर

कलेक्टर श्री बालगुरु के. के निर्देशानुसार जिले में आमजन को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की साफ उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैंडपंपों एवं नल जल प्रदाय योजनाओं के स्रोतों में निरंतर क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री प्रदीप सक्सेना ने बताया कि जिले में 04 उपखण्डीय प्रयोगशालाएं स्थापित हैं, जिनमें निरंतर जल नमूनों का जल परीक्षण किया जा रहा है। दिनांक 01 माह में 1215 जल नमूनों का परीक्षण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त नलजल प्रदाय योजनाओं में स्थापित उच्च स्तरीय टंकियों की सफाई का कार्य भी प्रगतिशील है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारी और तकनीकी अमला फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से भी जल का परीक्षण कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री बालगुरु के. द्वारा जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड निरीक्षण करने, जल स्रोतों की निरंतर निगरानी रखने तथा पेयजल गुणवत्ता की समय-समय पर जांच

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | माघ शुक्ल पक्ष-02,2082 | विदिशा, दिन मंगलवार ,दिनांक 20 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

विदिशा। स्वाभिमान, शौर्य और राष्ट्रधर्म के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को दुर्गा नगर मंडल हाथ दुर्गा नगर मौसाल स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक मुकेश टंडन भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक अर्पित किए। कार्यक्रम में सुरेन्द्रसिंह चौहान, सत्येन्द्र किचर, बालमुकुंद सिंह राठौड़, सुनील साहू, रामप्रसाद पासी, वीरेन्द्रसिंह राणा, वीर्यसिंह जादौन आदि मौजूद रहे।

रामलीला में परशुराम और लक्ष्मण लीला का मंचन आज

विदिशा। ऐतिहासिक श्रीरामलीला मेला में आज मंगलवार को लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला का रोचक प्रसंग देखने को मिलेगा। इस लीला के मंचन को लेकर रामलीला के प्रांगण में विशाल पंडाल लगाया जाएगा जहां शिव धनुष तोड़ने की लीला होगी। शिव धनुष तोड़ने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में राजे-महाराजे शामिल होंगे। अंत में भगवान श्रीराम धनुष भंग कर देंगे, इसके बाद परशुराम और लक्ष्मण संवाद की। लीला का मंचन होगा।

चार डिग्री बढ़ा तापमान, ठंड से हल्की राहत

विदिशा। सोमवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। दिन का तापमान 6 डिग्री है, लेकिन रात के तापमान में चार डिग्री बढ़ोतरी होने के कारण लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली है। मौसम विज्ञानी राजेन्द्रसिंह तोमर ने बताया कि एक दिन पहले रात का तापमान 55 डिग्री था जो बढ़कर 95 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। वहीं दिन के तापमान में एक डिग्री की गिरावट आई है। उन्होंने बताया कि हवाओं की गति कम होने, आसमान में बादल होना और दक्षिण पूर्व से हवाओं के चलने के कारण तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

गुप्त नवरात्र 27 तक चलेंगे

विदिशा। माघ मास में मनाई जाने वाली गुप्त नवरात्र सोमवार से शुरू हो गए हैं। जो 27 जनवरी तक चलेंगे। आठ पूरे नौ दिन के नवरात्र होंगे। दुर्गानगर स्थित ज्वालादेवी मंदिर के महंत पंडित सच्चिदानंदानंद सरस्वती ने बताया कि पहले दिन मंदिर में 30 अखाड़ुओं द्वारा धी की ज्योति जलाई है।

आज तीन घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बंद

विदिशा। 11 केवी एलए टीआई फीडर पर मेंटनेंस कार्य करने के लिए मंगलवार दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इस फीडर से हरीपुरा, लक्की गार्डन, विदिशा, पावर सिटी, पुलिस लाइन क्षेत्र के अन्य क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में सुधार तय समय में करें

विदिशा। समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के परिणामस्वरूप रैंकिंग में सुधार हो सके इसलिए समय प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। अपर कलेक्टर अनिल कुमार शर्मा ने नियमित समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण समाधान पर जोर दिया।

लाभ दिलाने संकल्प से समाधान अभियान

विदिशा योजनाओं का लाभान्वित हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने 12 जनवरी से 31 मार्च, तक अभियान चल रहा है।

मसूड़ी गांव पहुंचकर हादसे में मृत हुए लोगों के परिजनों से मिले

मनरेगा बचाओ चौपाल में दिग्विजय सिंह का केंद्र व राज्य सरकार पर तीखा हमला

मसूड़ी गांव में दिग्विजय सिंह के साथ सिरोंज विधायक उमाकांत

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

मसूड़ी गांव में दिग्विजय सिंह के साथ सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा भी पहुंचे।

मनरेगा बचाओ अभियान के अंतर्गत बेतवा में आयोजित ग्राम चौपाल में पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह शामिल हुए। चौपाल में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

चौपाल में दिग्विजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार का संदेश मनरेगा को कमजोर और समाप्त करना है। इसका मकसद गरीबों से रोजगार का अधिकार छीनना, ग्रामीणों की ताकत खत्म करना और उस पैसे को अपने उद्योगपति मित्रों को देना है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की जिद से पूरा देश नुकसान उठा रहा है, रोजगार खत्म हो रहे हैं और गांवों की अर्थव्यवस्था टूट रही है। जब गांव कमजोर होंगे तो देश भी कमजोर होगा। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं बल्कि संविधान से मिला अधिकार है। यह मजदूर के सम्मान, रोजगार के अधिकार और गांवों की ताकत का प्रतीक है। आयोजन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, अध्यक्ष सुरेश यादव, अर्जुन राजपूत, जयेश लोधी, गुड्डू रघुवंशी, अनीश कई, देवी सिंह बघेल, तुहीन शर्मा, मोनू यादव, शरद शर्मा आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणों से की विशेष दर्ज कराने की अपील

दिग्विजय सिंह ने ग्रामीणों से मोबाइल से मिस कॉल देकर मनरेगा खत्म करने के खिलाफ विरोध दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने ग्राम पंचायत कर्मचारियों के नवनाम कर लोग देते हुए पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने की अपील की। इसके बाद दिग्विजय सिंह मसूड़ी गांव पहुंचे। यहां हादसे में मृत और घायलों के परिजनों से मिले और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा भी पहुंचे।

सरकार के दावों को खोखला बताया

दिग्विजय सिंह ने सरकार के दावों को खोखला बताते हुए कहा कि हकीकत यह है कि किसान आज भी सुविधा के लिए भटक रहा है। किसान को लाइन में लगाकर सरकार लूटने गन रही है। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि डॉ मोहन यादव की सरकार में प्रदेश का अन्नदाता बदहाल हो रहा है। साथ ही आरोप लगाया कि जनता से वादा जुमलों कर सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं और नारे लगाए जा रहे हैं।

ग्रामीणों से की विशेष दर्ज कराने की अपील

दिग्विजय सिंह ने ग्रामीणों से मोबाइल से मिस कॉल देकर मनरेगा खत्म करने के खिलाफ विरोध दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने ग्राम पंचायत कर्मचारियों के नवनाम कर लोग देते हुए पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने की अपील की। इसके बाद दिग्विजय सिंह मसूड़ी गांव पहुंचे। यहां हादसे में मृत और घायलों के परिजनों से मिले और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा भी पहुंचे।

वन मंडल की 74 बीटों में तेंदुए, भालू और सोन कुत्ता होने के मिले संकेत

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

6वीं अखिल भारतीय बाघ आकलन-2026 के अंतर्गत वनमंडल में केवल एक के तहत संसारी एवं सह-परछाही सर्वे एवं ट्रांसेक्ट लाइन सर्वे का कार्य किया गया। एनीमल एवं इकोलॉजी हाउस एवं एनजीओ के कुशलिक वनमंडल के 7 परिक्षेत्रों की 108 बीटों में सर्वे कराया गया। इसमें करीब 74 बीटों में तेंदुए, लकड़बग्घा, भालू और सोन कुत्ता के बड़ी संख्या में मिलने के संकेत मिले हैं। वनमंडल की ग्यारसपुर, शमशाबाद, जातरूखेड़ा लटेरी परिक्षेत्र में वन्यप्राणियों की अच्छी उपस्थिति सामने आई है।

सभी बीटों में संसारी एवं सह-परछाही प्रजातियों की उपस्थिति, वितरण तथा आवास उपयोग का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित मूल्यांकन किया गया। वन्यप्राणियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए इकोलॉजी हाउस विकसित एनएस ट्रिप्स इंटेलीजेंसिकल एप से गणना की गई। इस दौरान वन्य प्राणियों के पगमार्क, खरोंच के निशान और मल के आधार पर उपस्थित सर्वे किया गया। तेंदुआ – पेड़ों पर नख खरोंच पर खरोंच के निशान में चार लाइनें बराबर दूरी पर देखने को मिलती हैं। यही पंजा चार बार में फिरते होते हैं और नाखून दबाकर चलते हैं, इसलिए पंजे के निशान में नाखून के निशान दिखाई नहीं देते।

इसके अलावा मल में वन्य जीवों की हड्डियां भी मिलती हैं। लकड़बग्घा – वे ट्रांच फॉरमेशन का होता है। इसके पंजों के निशान गुल्ले से बड़े और चौड़े होते हैं। नाखून के निशान साफ दिखते हैं। इसके आगे के पैर लंबे और पीछे के पैर छोटे होते हैं। वे सर्वे के दौरान आसानी से देखने को भी मिला है। भालू – चलने में पूरा पंजा जमीन पर रखता है। आगे और पीछे के पगमार्क एक सीध में दिखते हैं। पगमार्क इंसान जैसा दिखाई देता है। देखने में ऐसा लगता है कोई इंसान नंगे पैर चला हो।

सभी 108 बीटों में किया गया एक साथ सर्वे संसारी और शाकाहारी वन्य प्राणियों के सर्वे के लिए सभी 108 बीटों में एक साथ इतनी ही टीमों द्वारा एनएस ट्रिप्स इंटेलीजेंसिकल एप के माध्यम से सर्वे किया गया। सभी टीमें एक साथ सुबह 6 से 10 बजे तक सर्वे का कार्य करती रही।

पीले चावल बांटकर कल राम बरात में शामिल होने दिया आमंत्रण

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

निर के प्रहर के प्रमुख मार्ग से भगवान रेलवे अष्टभायवसरी पर तैयारी में जुटी है। इसी रात में नाकार की हर समिति के आता है उत्तरप्रसार मंच समिति अन्य कई संगठनों के पदाधिकारी ने मायरगंज मौहल्ले से जनियों से कर उन्हें पीले पावल बांटे और राम बरात में इंगित होने के साथ ही पुण्यकार स्नानर कालसमिति प्रकट्टी है। इस बार पता है कि 125 वर्ष में प्रवेश कर में का पैर के आगा एक संत इकार पहली बार शोभा भी मिल लिए गए हैं। समिति के पदाधिकारी अलग-अलग समाज के यों के संपर्क में है और इस अंतिम पर में अध्य में से कई को भाग पंडित जा सके। अंत के आगे से लेकर है जिसकी समिति के कन्वेनी रविवि का अनिल शर्मा का अहना है कि इस साल हमारा शहर के प्रमुख बाईं से निकाल करा का

लगाता है कि राम महर लम से हर चले के पहले ही नाववेश से सर्वे और मुख्य मार्ग से लेकर मीर लक्ष के आखरी स्थाना का सके। सोनका से रामलीला मंच समिति मुख्य जर से रोकर के बल बोले हुए जगह-जगह स्वागत सजाएं और भयानक गुप्त वर्ष कर उनको आरती करें।

चार चोर पकड़े गए

विदिशा। गिरफ्तार आरोपियों में राजा जाटव (21), मोहन अहिरवार (22), मंटू आदिवासी (22) और रामदीन उर्फ बिरजेश बंजारा (19) शामिल हैं। सभी लटेरा खेड़ा रोड के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, ये जहले भी चोरी की वारदातों में शामिल रह चुके हैं। कार्रवाई में निरीक्षक अशोक मिश्र, उप निरीक्षक एलएन मिश्रा, स्थान अध्यक्ष सुनील पुरी, आरक्षक कोके मिश्रा, मेघराज राजपूत, विनोद खुरेशी, मोहित गोस्वामी, साइबर स्टाफ समेश मेहता और सैनिक उदय सिंह का विशेष योगदान रहा।

रंग बिरंगी रोशनी से सराबोर हुआ और रामलीला मेला

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

रामलीला मेले में रंग-बिरंगी रोशनी, श्रीराम बारात कल

पुण्य सलिला बेतवा के तट पर स्थित ऐतिहासिक रामलीला मेले का आयोजन इस बार 125वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। वर्ष दिवाकर पंडित विश्वनाथ शास्त्री ने इसकी शुरुआत वर्ष 1902 में मकर संक्रांति के दिन की थी। इस बार आयोजन को भव्य रूप दिया गया है। पूरा मेला परिसर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा रहा है। श्रीरामलीला की 125वीं वर्षगांठ पर 21 जनवरी 2026 को श्रीरामसंघ की ऐतिहासिक बारात निकाली जाएगी। यह बारात दोपहर 2 बजे मालगंज शिवालय से शुरू होगी। बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रामलीला प्रांगण स्थित जानकपुरी पहुंचेगी। श्रीरामलीला मेला समिति, सनातन श्री हिन्दू उत्सव समिति, व्यापार महासंघ और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सहयोगियों से पीले चावल देकर आमंत्रित किया है। सभी से अनुरोध किया गया है कि बारात मार्ग पर मंगल कलश सजाएं, तोरण-बंदनवार लगाएं, दीप जलाएं और लाइट झालरों से मार्ग को सजाएं। श्रीराम बारात की शोभायात्रा का स्वागत भव्य रूप में किया जाएगा।

वेयर हाउस के ताले तोड़कर 60 बोरी गेहूं चुराया संदिग्धों से पूछताछ कर चार आरोपी पकड़े

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

अहमदपुर रोड स्थित साय वेयरहाउस में 7-8 जनवरी की रात चोरों ने धावा बोला। वेयरहाउस का ताला तोड़कर 60 बोरी गेहूं चुरा ले गए। संचालक वैभव सोनी की शिकायत पर सिविल लाइन थाने में नामजद दर्ज हुआ। पुलिस ने जांच शुरू की। जानकारी के 70 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए।

रात का अंधेरा होने से फुटेज साफ नहीं मिले। एक वाइन दिखी, पर नंबर और पहचान नहीं हो पाई। इसके बाद पुलिस ने मुखबिरों की मदद ली। उनसे मिली जानकारी के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की बात कबूल की। पुलिस ने जब्त खड़ा निकाली चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामलामें पेश किया गया। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व में कार्रवाई हुई। चोरी में उपयोग की गई टीवीएस मोटरसाइकिल (एमपी 48 एमएम 6030) भी जब्त की गई। चारों की उम्र 19 से 22 के बीच रही। सभी सदैवाखेड़ा रोड के रहने वाले

बैंकर्स ने रोटरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीता

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा रोटरी क्लब विदिशा के तत्वावधान में सनाया क्रिकेट ग्राउंड पर एक दिवसीय रोटरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। टूर्नामेंट का यह दूसरा संस्करण था। इसकी शुरुआत वर्ष 2025 में हुई थी। इस बार शहर की आठ टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट के डीजीई सुरेश साहू, शासन से और इंडियन बैंकर्स के स्टाफ जो मोबाइल के रहे। टूर्नामेंट में अंपायरिंग, स्कोरिंग, कैमरा, स्पोर्ट्स गार्ड, आयोजन सहित सभी व्यवस्थाएं रोटरी क्लब के सदस्यों ने संभालीं। फाइनल मुकाबला बैंकर्स और अयाशा महासभा के बीच खेला गया। आठ ओवर के इस मैच में बैंकर्स टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया।

गर्मी में गया था, इसलिए मंदिर नहीं गया, भाजपा पर साधा निशाना

डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज

सोमवार को बाबा विश्वनाथ की नगरी वेमपुर में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 2 घंटे तक रुके, लेकिन मंदिर में नहीं गए। वे यहां कांग्रेस संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उन्होंने संगठन की योजनाओं को लेकर कार्यकर्ताओं और आम जनता के सवाल सुने। इस दौरान उन्होंने मंदिर में नहीं जाने की वजह का खुलासा भी किया। उन्होंने कहा कि कड़ी धूप और गर्मी में मुझे चक्कर आ गया था, इसलिए मैं मंदिर नहीं गया। उन्होंने बताया कि मैं पहले भी कई बार वेमपुर आ चुका हूं, लेकिन दिखावा नहीं चाहता। बिना किसी मंदिर या राजनीति मंदिर जाकर पूजा करता हूं। इस दौरान उन्होंने भाजपा को घेरते हुए कहा कि जो लोग खुद को धार्मिक बताते हैं, उन्होंने खुद कुर्सी में मात्र बैठे में पहुंचे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को रुकने करने से रोक दिया।

खेलो एमपी | **जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कई खेल हुए**

ग्रामीण खेल पिट्ठू भी स्टेडियम में खेला गया, इसमें गेंद मारकर देरी को गिराकर फिर से जमाते हैं

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत शनिवार को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता रखी गई। इसके लिए 19 एवं 20 जनवरी को दिन तय किए गए।

पहले दिन 19 जनवरी को, जिले के सभी विकासखंडों की बालक एवं बालिका वर्ग की वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, खो-खो, पिट्ठू, बास्केटबॉल, शतरंज, और क्रिकेट शामिल थे। 20 जनवरी को रस्साकशी एवं रस्साकशी प्रतियोगिता होगी। इस दौरान खिलाड़ी।

एथलेटिक्स, खो-खो, पिट्ठू, बास्केटबॉल, शतरंज, और क्रिकेट शामिल थे। 20 जनवरी को रस्साकशी एवं रस्साकशी प्रतियोगिता होगी। इस दौरान इनकी खेलों के साथ पिट्ठू खेल भी खेला गया। मैच खेल रहे मोहम्मद हनीफ अंसारी ने बताया कि पिट्ठू ग्रामीण बेटों से खेला जाने वाला खेल है। इसे मध्यप्रदेश सरकार ने खेलों में शामिल किया है। ब्लॉक स्तर से चयनित टीमों के मुकाबले शहर के स्टेडियम में कराए गए हैं। इस खेल की टीमों में 5-6 खिलाड़ी होते हैं। एक गेंद से देरी को गिराते हैं, फिर उसे वापस जमाना भी होता है।

इस दौरान सूरजी टोप के खिलाड़ी देरी को जमाने वाले खिलाड़ियों को गेंद फेंककर खाते हैं। जिला खेल अधिकारी प्रतिभा बघेल ने बताया कि 23 जनवरी 2026 को रस्साकशी एवं रस्साकशी खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता पिपरा खेल परिसर, स्टेडियम में आयोजित होगी। जिला स्तर की विजेता टीमें संभाग स्तरीय आयोजन में सम्मिलित होंगी।

श्री मेढ़े वाली माता मंदिर पर विशाल हिंदू सम्मेलन

डीआर संवाददाता ✍ लटेरी

श्री मेढ़े वाली माता मंदिर प्रांगण में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन आस्था भक्ति एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में श्री गंज हनुमान मंदिर के महंत श्री महेश दास जी लाणी बाबा, श्री रविन्द्र जी आचार्य, महंत श्री बालकदास जी महाराज, श्री सत्यनारायण दास जी महाराज सहित अनेक साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनकी उपस्थिति जनसमुदाय को दिव्य आशीर्वाद प्राप्त हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सायबरसेल संघ के जिला कार्यवाहक श्री गुलाब सिंह जी कुशवाह ने सकल हिंदू समाज की एकता पर बल देते हुए समाज में पंच परिवर्तन के महत्व को सरल एवं प्रेरक शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता, स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और पारिवारिक मूल्यों को अपनाकर ही सशक्त हिंदू समाज का निर्माण संभव है। इस विशाल सम्मेलन में बीज के ग्राम ढाढोन, विदरिया, महुआखेड़ा, आमखेड़ा सुराड़, पलासकुर, नानकपुर, चराया, टोपली, रसपुर, बांसखेड़ी सहित अनेक गांवों से सैकड़ों की संख्या में भजन मंडलियों, धुनरी यात्रा के साथ हिंदू समाजजन उत्साहपूर्वक एकत्रित हुए। भजनों और जयघोषों से संपूर्ण वातावरण धर्ममय एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम का समापन माता की आरती के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने "जातपूजा की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई" के गगनभेदी उद्घोष के साथ सामाजिक एकता और अखंडता का संकल्प लिया।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | माघ शुक्ल पक्ष-02,2082 | राजगढ़, दिन मंगलवार,दिनांक 20 जनवरी,2026

न्यूज गैलरी

दो दिन के अवकाश के बाद आज खुलेगी मंडी

राजगढ़। व्यापारी दो दिन के अवकाश के बाद मंगलवार को कृषि उपज मंडी खुलेगी। अनाज बेचने के लिए किसान एक दिन पहले मंडी पहुंचने लगे है। किसानों का कहना है कि दो दिन अवकाश होने से किसान मंडी में अपनी फसल नहीं बेच पा रहे थे। मंडी खुलने के बाद अनाज की नीलामी की जाएगी। अनाजी बेचने के लिए किसान सोमवार शाम से ही मंडी में पहुंचने लगे है। दरअसल रविवार और सोमवार को मंडी में अवकाश घोषित किया गया था। जिसकी नीलामी नहीं हो पाई थी।

कक्षा दसवीं-बारहवीं के प्रवेश फार्म जारी

राजगढ़। प्राथमिक शिक्षा मंडल म.प्र. ने हाई सेकण्डरी, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश फार्म जारी कर दिए हैं। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

डेयरी के लिए अनुदान

राजगढ़। पुरुषों एवं डेयरी के लिए प्रदेश सरकार मदद करेगी। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्वरोजगार योजना के तहत डेयरी स्थापित करने के लिए आवेदन लगना होगे। सरकार द्वारा अजा एवं जजा के लिए आवेदकों को 33 प्रतिशत एवं सामान्य को 26 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है।

सिविल अस्पताल में संपन्न हुआ नेत्र जांच शिविर

राजगढ़। सिविल अस्पताल में सोमवार को मल्टीपल रेड क्रॉस सोसाइटी ने एक निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। आनंदपुर नेत्र चिकित्सालय से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 200 से अधिक मरीजों की जांच की, जिसके बाद मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए 40 मरीजों का चयन कर उन्हें आनंदपुर चिकित्सालय भेजा गया। इन सभी का वहां निःशुल्क ऑपरेशन होगा। शिविर में मोतियाबिंद, रतौंधी, निकट दृष्टि दोष, दूर दृष्टि दोष और अन्य नेत्र रोगों की जांच की गई। कार्यक्रम का सुभारंभरा्ष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा, नेत्र चिकित्सक डॉ. शरद साहू, आनंदपुर चिकित्सालय से डॉ. संजय पांडे, समाजसेवी मुकेश तेल और गोपाल सर्राफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र शर्मा ने किया, जबकि रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश सचिव डॉ. राकेश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र शर्मा

अव्यवस्था जिला अस्पताल में चिकित्सकों के 50 से अधिक पद रिक्त

जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल, मरीजों को नहीं मिल पा रहा सुविधाओं का लाभ, इलाज के लिए हो रहे परेशान

डीआर संवाददाता ▪ राजगढ़

जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल बनी हुई है। मरीजों को चिकित्सकों का टोटा है तो कहीं पर जांचे नहीं हो रही जिला अस्पताल में ही प्रथम व द्वितीय श्रेणी चिकित्सकों के 50 से अधिक पद रिक्त हैं। ऐसे में मरीजों को न तो समय पर उपचार मिल पा रहा है और न ही सुलभ तरीके से उपचार हो पा रहा है।

जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से शुद्ध होना चाहिए। यहां पर जांचे से लेकर स्टाफ पर्याप्त हो, ताकि मरीजों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। वर्तमान स्टाफ होने की दशा में मरीजों को बेहतर तरीके से समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। लेकिन राजगढ़ जिला अस्पताल में 50 से अधिक पद स्वीकृत है, उनमें से 50 से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं। प्रथम व द्वितीय श्रेणी के विशेषज्ञों की यह पद यहां पर वर्षों से रिक्त है। जिससे सबसे मरीजों को उपचार के समय परेशान होना पड़ता है। खुद चिकित्सकों के सभी पद रिक्त हैं तो एक दो चले हैं व शेष पद रिक्त हैं। ऐसे में जो मरीज हैं उनके अलावा पर जाने या इमरजेंसी हपुटी में होने पर समय मरीजों को दिक्कतों से दो-चार होना पड़ता है।

स्त्री रोग विशेषज्ञ से 04 पद रिक्त चिकित्सा के 34 पद रिक्त जिला अस्पताल होने के साथ चिकित्सक से इलाज के लिए प्रसूताओं यहां पर पहुंचती है। जिले के सिविल अस्पतालों से भी जिला अस्पताल के लिए प्रसव केस रेफर किए जाते है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिला अस्पताल में ही महिला विशेषज्ञ के नाम पर केवल एक चिकित्सक पदस्थ है, जबकि 14 पद रिक्त हैं। ऐसे में प्रसव केसों के दौरान प्रसूताओं व उनके परिजनों को परेशान होना पड़ता है। इलाज ही नहीं प्रसव के पहले बेहोशी का इंजेक्शन लगाने के लिए भी विशेषज्ञ चिकित्सक का होना आवश्यक है।

जिला अस्पताल में नेत्रचिकित्सा विशेषज्ञ के 6 पद है, जिनमें से सिर्फ दो विशेषज्ञ पदस्थ है, जबकि 4 पद इसके रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में समय पर नेत्रचिकित्सा विशेषज्ञ के का फिर महिला चिकित्सक के नहीं होने पर प्रसूताओं पर परेशान होना आम बात है।

10 चिकित्सा अधिकारी के पद रिक्त, 06 शिशु रोग विशेषज्ञ के खाली जिला अस्पताल में प्रथम व द्वितीय श्रेणी के चिकित्सकों के घोर में पद रिक्त चल रहे हैं। यहां पर चिकित्सा अधिकारी के 31 पद स्वीकृत हैं। जिनमें से मात्र 10 पदस्थ है,

एंटी करप्शन इंडिया के नाम पर ठगी करनेवाला गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ▪ ब्यावरा

शहर के सुभाषनिया रोड के बंशीनगर में किराए के घर में रहने वाला एक वांटेड एंटी करप्शन इंडिया के नाम पर लोगों से ठगी कर रहा था। सिटी पुलिस की टीम ने रविवार रात आरोपी को घर की घेराबंदी कर दबोच लिया। सिटी थाना प्रभारी फैदेह बामनिया ने बताया कमलेश गांव निवासी विनोद पुत्र लोगनकाका सोनी 35 शहर के सुभाषनिया रोड पर बंशीनगर में रहता है। आरोपी 2022 के एक चीफ आरोपी के मामले में वांटेड था। बीते कई दिनों से पुलिस की वांटेड की तलाश थी। रविवार रात सिटी पुलिस की टीम पहुंची, जहां वांटेड ने घर का दरवाजा बंद कर लिया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस घर के अंदर घुसी, जहां से वांटेड को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को वांटेड को जेल भेज दिया है।पुलिस पकड़ने पहुंची तो गैस सिलेंडर में आग लगा जान देने की धमकी देता रहा रु रविवार रात सिटी पुलिस को वांटेड के घर में होने की तकरा सूचना मिली थी, जिसके बाद सिटी पुलिस के जवान सुभाषनिया रोड बंशीनगर वांटेड को पकड़ने पहुंचे। पुलिस को देखते ही आरोपी ने घर का मुख्य दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस से बचने के लिए गैस सिलेंडर में आग लगा जान देने की धमकी देने लगा। पुलिस की समझाइश के बाद भी वांटेड ने दरवाजा नहीं खोला। लगभग एक घंटे से अधिक समय तक पुलिस मशक्कत करती रही। बाद में पुलिस ने खलाइश से दरवाजा कटवा और घर के भीतर पहुंची। वांटेड पुलिस को देखकर सबसे पेछे के भीतर बंद हो गया। बाद में पुलिस ने पूरे घर की तलाशी ली, जहां अंदर बेड में छिपा होने पर पकड़ लिया।

आरोपी ने गांव में लोग दिखाने के नाम पर ठगी की थी झूल

फर्जी दस्तावेज बनाकर गांव के लोगों को लोन दिलाने के नाम पर गांव के कई लोगों से 300-500 रुपए की ठगी की थी।

सरकारी जमीन पर कब्जा को लेकर जमकर लाठी डंडे चले

डीआर संवाददाता ▪ राजगढ़

खिलचीपुर के बड़ाहरे मैदान की सरकारी जमीन पर लोगों का वीडियो सामने आते ही हड़कंप मच गया। वीडियो में करीब दर्जन से अधिक दबंग लाठी-डंडे और फावड़ी लेकर सरकारी जमीन पर लगी लोहे की जालियों को उखाड़ रहे हैं और खुलेआम दहशत फैलाते नजर आ रहे हैं।

मामला राजगढ़ जिले के खिलचीपुर नगर के सोमलिया क्षेत्र स्थित बड़ाहरे मैदान का है। जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार शाम की है, जब 8 से 10 लोग एक कार से मौके पर पहुंचे।

आरोप है कि सभी ने खुद के जमीन का मालिक बताते हुए जबरन कब्जा करने की कोशिश की। जब वहां रहने वाले शकील खान और उनके परिवार ने इसका विरोध किया, तो महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की की गई और शकील के साथ मारपीट की गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार रविवार रात ही खिलचीपुर थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। हालांकि मैदान के पास रहने वाली रहमान ने बताया कि विवादित जमीन सरकारी है, जिस पर पहले से जंगल लगता है और सुरक्षा के लिए तार बंधिम की गई थी। आरोपियों ने लाठी-डंडों के बल पर कथित जबरन की और धमकियां देते हुए वहां से गए। अब इस पूरी घटना के वीडियो सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। मीडिया कर्मियों द्वारा आरोप है कि कुछ दबंग लंबे समय से बड़ाहरे मैदान और आसपास की बेशकीमती सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। इसके साथ इन जमीनों को 30 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक में अलग-अलग शहर के लोगों को बेच भी रहा है।

पेयजल व्यवस्था को लेकर मंत्री पंवार ने की समीक्षा

डीआर संवाददाता ▪ , ब्यावरा

खिलचीपुर क्षेत्र के नगरीय एवं ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा को लेकर राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन को स्वच्छ, पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंत्री पंवार ने नगरीय पेयजल व्यवस्था को अनिवार्य रूप से दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी फिल्टर प्लांट तत्काल मानु कर नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर को नालियों की नियमित सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने, सड़कों पर नंग पानी दिखाई न ने, इसके लिए ठोस कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी टयूबवेल बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते राज्य मंत्री।

टंकियों एवं वाटर प्लांट की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा समय पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की प्राथमिकता देने पर जोर दिया। साथ ही एसडीएम श्री दुबे एवं नगर पालिका को व्यवस्था एवं सुरक्षित क्षेत्र में दूषित पानी की शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अवैध नल कनेक्शन एवं पेयजल लाइनों से छेड़छाड़ करने वालों

घूम घाटी पर बंद दुकान से निकलता दिखा धुआं, अंदर भभक रही थी आग

डीआर संवाददाता ▪ ब्यावरा

सोमवार रात करीब 8:30 बजे घूम घाटी पर धर्मशाला के सामने स्थित एक किराना दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। बताया गया कि यह दुकान पास के गांव मल्लापुरा निवासी बंकट तंवर की है। वह प्रतिदिन गांव से आकर दुकान खोलता है और शाम को वापस गांव लौट जाता है।

सोमवार को भी वह रोज की तरह शाम को दुकान बंद कर घर चला गया था। इसी दौरान रात करीब 8:30 बजे लोगों ने बंद दुकान के शटर से धुआं निकलते देखा। जब जानकर देखने पर शटर पूरी तरह गर्म हो चुका था, जिससे आग लगने की पुष्टि हुई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय युवा मौके पर पहुंचे और शटर

तोड़कर दुकान के अंदर पानी फेंकते हुए आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तेजी से शटर खोली जाने का बड़ा नुकसान पैदा दिखाई दिया। घटना की जानकारी दुकानदार को फोन के माध्यम से दी गई। हालांकि लोगों ने बाल्टी से पानी फेंक कर आग बुझा दी। कुछ ही देर में फायरवाली आना प्रभारी अखिलेश वर्मा की अगुवी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। तब तक लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया था। आग से दुकान में रखा किराने का सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। शंदेह जताया जा रहा है की दुकान में लगाए गए दीपक को जलते छोड़ जाने के कारण यह आग लगी है। हालांकि यह कारण स्पष्ट नहीं है। संबंध लिखे जाने तथा दुकानदार बंकट का तथ्य मौके पर नहीं पहुंच पाए थे।

अंधेरा हुआ तो मोबाइल की रोशनी में बच्चों को बांटे पुरस्कार

डीआर संवाददाता ▪ राजगढ़

नवदुनिया प्रतिनिधि, राजगढ़: खेलो इंडिया-खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 26 के तहत राजगढ़ के जत्तूपुर विद्यालय खेल मैदान पर आयोजित किया गया कार्यक्रम अव्यवस्थाओं से घिरा नजर आया। यहां पर खेल के लिए प्रकाश की व्यवस्था नहीं की गई। जिसके कारण अंधेरे में मोबाइल व टार्च की रोशनी में पुरस्कार बांटे गए बच्चों को घंटों के लिए मैदान के किनारे खड़ा किए गए थे, जिससे दूर दराज से आए बच्चे परेशान होते रहे।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को जत्तूपुर स्कूल के खेल मैदान पर खेलो इंडिया-खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 26 का आयोजन किया गया। हाथापाईनगर में नरसिंहगढ़, खिलचीपुर, पचोर, जीरापुर सहित दूर-दराज क्षेत्रों से प्रदेश पहुंचे थे।वहां निजी स्कूलों के माध्यम से आए अधिकांश बच्चे दोपहर बाद स्कूल वापसी से लौट गए, लेकिन कार्यक्रम देर न तक चलता रहा। जिसके कारण कार्यक्रम के दौरान अंधेरे में बांटे गए पुरस्कार। बच्चों को समय पर वाहन नहीं मिल सके और वे देर तक मैदान में भटकते रहे। बच्चों के लिए देर शाम को वाहनों का इंतजाम नहीं किया, जिससे वह परेशान होते रहे। मैदान में दूर-दूर तक बच्चों की भीड़ लगी रही। कई खिलाड़ी थके-हारे थे, जिनके ठहरने घर नाश्ता और भोजन तक उपलब्ध नहीं कराया गया। खेल एवं युवक कल्याण विभाग ने इसे महज औपचारिकता बना दिया। प्रभार कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. विनोद कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार तोलानी मौजूद रहे। उन्होंने अंधेरे के बीच ही विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। मोबाइल की लाइट व टार्च आदि के प्रकाश का सहारा लेना पड़ा। परिसर में न तो पर्याप्त रोशनी थी और न ही प्रकाश था।

बैठक संकल्प से समाधान अभियान की होगी प्रतिदिन समीक्षा, कलेक्टर ने समयसीमा की बैठक में किया मंथन

एलडीसी और मंडी सचिव की वेतनवृद्धि रोकने के दिए निर्देश

डीआर संवाददाता ▪ राजगढ़

प्रतिनिधि, राजगढ़: सीएम हेल्प लाइन का समय पर निराकरण नहीं करने पर व्यावरा मंडी के एलडीसी व सचिव की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश कलेक्टर डा. विनोद कुमार मिश्रा द्वारा दिए गए। बुधवार मंडी सचिव के बैठक से गायब रहने पर नोटिस जारी किया गया। सीएम हेल्पलाइन का निराकरण नहीं करने पर जलसंसाधन विभाग को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

सोमवार को कलेक्टर डॉ. विनोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समय

सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत आयोजित हो रही कैंपों की समीक्षा की गई। जिन कर्मचारियों की उपस्थिति ड्यूटी कैंप में नहीं पाई गई, उनके निलंबन के निर्देश दिए गए।

साथ ही प्रतिदिन प्रातः 10 बजे एसडीएम, सीएमओ एवं जनपद सीईओ द्वारा कैंपों के माध्यम से कैंपों की निगरानी मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी

दिए गए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। सीएम हेल्पलाइन में निम्न प्रदर्शन को लेकर मंडी सचिव को समय सोपबंधन में तलब किया गया। बुधवार मंडी सचिव का स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने पर 3 दिवस के वेतन कटौती के निर्देश दिए गए। जल संसाधन विभाग को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन का निराकरण नहीं करने पर जल संसाधन विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सर्वाधिक सीएम हेल्पलाइन प्रकरण में भूमि अर्जन की जांच के भी निर्देश दिए गए।वहीं व्यावरा के एलडीसी की वेतनवृद्धि रोकने तथा मंडी सचिव की वेतनवृद्धि रोकने के प्रस्ताव आयुक्त को भेजने के निर्देश दिए गए। संकल्प से समाधान कैंपों में जनप्रतिनिधियों को सक्रिय रूप से आमंत्रित करने तथाकोडल अधिकारी को उपस्थिति अधिकारी रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अगली समय सीमा बैठक में सतलज जल संसाधन एवं निर्माण कल्याण विभाग को 12-13 शिकायतों की समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जिन विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र नहीं होने की कारण छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई है, उनके जाति प्रमाण पत्र जीरा बनाए जाने हेतु संबंधित

खिलाड़ियों को ले जाने तीन बस, संख्या ज्यादा होने से खुद वाहन लेकर पहुंचे

डीआर संवाददाता ▪ ब्यावरा

प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिभा निखारने के लिए खेलो एमपी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिता में तहत के खेलों को शामिल किया गया है। लेकिन खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजगढ़ में जिला स्तरीय एमपी खेलो प्रतियोगिता का

आयोजन किया गया, जिसमें सोमवार को खिलाड़ियों पर ध्यान नहीं होने पर खिलाड़ियों को परेशान होना पड़ा। सुबह जब वाहन होने से पहले खिलाड़ी रोपी कलेज के पास लगभग एक घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। इसके

बाद जैसे ही बस आई, उसमें जगह कम होने से खिलाड़ियों को खड़े होकर राजगढ़ जाना पड़ा। दरअसल खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को ले जाने के लिए 2-3 बसों का इंतजाम किया था, जबकि खिलाड़ियों की संख्या ज्यादा हो गई। ऐसे में खिलाड़ियों को बस मेंखड़े होकर जाना पड़ा। वहीं कुछ खिलाड़ी अपने वाहनों से प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए राजगढ़ रवाना हुए। जिला खेल अधिकारी शामिता जाबर का कहना खिलाड़ियों को ले जाने तीन बस संख्या ज्यादा होने से खुद वाहन लेकर पहुंचे है कि कुछ खिलाड़ी भोपाल में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हो चुके थे। वहीं खो-खो प्रतियोगिता सारंगपुर और चूड़ी और क्रिकेट प्रतियोगिता ब्यावरा में हो चुकी है। ऐसे में कुछ खेलों में शामिल होने वाले खिलाड़ी पहुंच गए थे। जिससे कुछ देर परेशानी हुई, लेकिन बाद में सभी खिलाड़ियों को बस के माध्यम से राजगढ़ भेजा गया।